# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकःगोप0 / प्रयो0227
दिनांकः 26/6/19.......

ई–मेल

सेवा में,
प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,
संस्थान / महाविद्यालय
सम्बन्द्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा के अंकपर्ण अविलम्ब दिनांक 30.06.2019 तक ऑनलाईन प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

शासनादेश के आलोक में आपसे अनुरोध करना है कि सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 की परीक्षाओं का परीक्षाफल अतिशीघ्र घोषित किया जाना अपेक्षित है। प्रायः यह देखा जाता है कि प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंकपर्ण समयान्तर्गत महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं कराये जाने के कारण सैद्धान्तिक परीक्षा के मूल्यांकन होने के उपरान्त भी परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो पाता है। वर्तमान में प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंकपर्ण ऑन लाईन प्रेषित किये जाने की व्यवस्था की जा चुकी है। प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक प्राप्त नहीं होने के कारण परीक्षा के परिणाम घोषित करने में विलम्ब हो जाता है।

कुलपति जी के निर्देशानुसार आपसे अनुरोध करना है कि प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंकपर्ण अविलम्ब विश्वविद्यालय में ऑन लाईन एवं कुलसचिव प्रति व द्वितीय प्रति गोपनीय विभाग के खिड़की न0 40 पर दिनांक 30.06.2019 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करायें ताकि शासनादेश के अनुसार समय से परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सके।

भवदीय,
26/6/19
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. व्यैक्तिक सहायक प्रति कुलसचिव को, प्रतिकुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. प्रभारी वैबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

26/06/19
उपकुलसचिव(गोप0)